पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी
अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान जबलपुर
(संसदीय अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

# हिंदी पखवाड़ा

## 14 - 28 सितंबर 2025

भारत सरकार के राजभाषा विभाग के आदेशानुसार राजभाषा नीति के अनुपालन के क्रम में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान जबलपुर में सितंबर माह में दिनांक 14 से 28 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान संस्थान के प्राध्यापकों/अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों हेतु हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाएंगी। पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण निम्नवत है -

हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर, गांधी नगर, गुजरात में दिनांक 14 सितंबर 2025 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में हिंदी दिवस का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन के साथ प्रारंभ होगा।

| प्रतियोगिता का नाम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| **संकाय (फैकल्टी) सदस्यों हेतु** | | | |
| **निबंध लेखन** (अधिकतम समय - 01 घंटा, अधिकतम शब्द- 450 शब्द)<br>**विषय: लोकतंत्रात्मक मूल्यों की रक्षा में मीडिया का योगदान**<br>**अथवा**<br>**भारत की भाषायी विविधता: एकता में अनेकता का प्रतीक** | 16.09.2025 | दोपहर 12:30 बजे से | संस्थान सभाकक्ष |
| **कर्मचारियों हेतु** | | | |
| **हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता** (अधिकतम समय - 30 मिनट) | 17.09.2025 | दोपहर 03:30 बजे से | संस्थान सभाकक्ष |
| **हिंदी संभाषण प्रतियोगिता** (अधिकतम समय - 05 मिनट प्रति प्रतिभागी)<br>शीर्षक: प्राप्त पर्ची में लिखित विषय पर बोलना होगा। | 18.09.2025 | दोपहर 03:30 बजे से | संस्थान सभाकक्ष |
| **हिंदी हास्य/व्यंग्य/कविता पाठ** (अधिकतम समय - 05 मिनट) | 25.09.2025 | दोपहर 04:00 बजे से | संस्थान सभाकक्ष |
| **विद्यार्थीगण हेतु** | | | |
| **निबन्ध लेखन प्रतियोगिता** (अधिकतम समय - 01 घंटा, अधिकतम शब्द- 450 शब्द)<br>**विषय: लोकतंत्रात्मक मूल्यों की रक्षा में मीडिया का योगदान**<br>**अथवा**<br>**नशा मुक्त भारत: सरकारी प्रयास और समाज की भूमिका** | 19.09.2025 | सायं 04:30 बजे से | L-201 |
| **स्वरचित कविता पाठ** अधिकतम समय - 05 मिनट प्रति प्रतिभागी | 22.09.2025 | सायं 04:30 बजे से | L-201 |
| **हिंदी संभाषण प्रतियोगिता** (अधिकतम समय - 05 मिनट प्रति प्रतिभागी)<br>शीर्षक: प्राप्त पर्ची में लिखित विषय पर बोलना होगा। | 24.09.2025 | सायं 04:00 बजे से | L-201 |

1- प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम (1 पुरस्कार), द्वितीय (1 पुरस्कार), तृतीय (1 पुरस्कार) एवं सांत्वना पुरस्कार (2 पुरस्कार) के रूप में क्रमशः रू. 2500/-, रू 2000/-, रू. 1500/- व 1200/- नकद प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

2- दस या इससे अधिक प्रतियोगियों के हिस्सा लेने पर उस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिए जायेंगे। यदि किसी प्रतियोगिता में प्रतियोगियों की संख्या केवल पांच होती है तो विजेताओं में केवल प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार ही दिए जायेंगे एवं यह संख्या पांच से अधिक व दस से कम होती है तो प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जायेंगे।

3- किसी भी प्रतिभागी को एक से अधिक पुरस्कार नहीं दिया जाएगा। यदि किसी प्रतिभागी को एक से अधिक पुरस्कार मिलता है, तो वह, उसे मिलने वाले पुरस्कारों में से सबसे अधिक राशि वाले पुरस्कार का हकदार होगा।

1- इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु निर्धारित स्थान पर दिए गए समय से 10 मिनट पूर्व पहुँच कर अपना नाम दर्ज कराने का कष्ट करें।

2- राजभाषा विभाग के कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेंगे।

3- संस्थान के संकाय सदस्यों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि इस अवधि के दौरान अपना अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिंदी में करें एवं आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

**समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 30 सितंबर 2025 को सायं 04:30 बजे से कक्ष क्रमांक - 201 में आयोजित किया जायेगा।**

आयोजक - संस्थान राजभाषा विभाग

संतोष महोबिया - राजभाषा अधिकारी

राहुल कुमार देशमुख - राजभाषा सहायक